कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद -500 009
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2158/न.रा.भा.का.स. दिनांक/Dated: 10 .01.2018

| | |
|---|---|
| सेवा में, | To |
| सभी अधीनस्थ कार्यालय | All Sub-offices |
| (वे.ले.का. सहित) | (including PAOs) |
| (स्थानीय) | (Local) |

विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद की छमाही बैठक - मुख्य अंशों के संबंध में ।

Sub : Half-Yearly Meeting of Town Official Language Implementation Committee(Off-3), Hyderabad - Main points - reg.

******

जैसा कि आप जानते हैं, रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (हैदराबाद-सिकंदराबाद) का सदस्य है । इस कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-3), हैदराबाद के अधीन लाया गया है जो सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI), उप्पल रोड, हैदराबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है । हाल ही में उक्त समिति की दूसरी छमाही बैठक आयोजित की गई । यह बैठक दिनांक 14.12.2017 को प्रातः 11.00 बजे राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (NGRI), के एस.बी. हॉल में डॉ. वी.एम. तिवारी, निदेशक, सी.एस.आई.आर. - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। नराकास के अध्यक्ष महोदय ने निर्णय लिया कि प्रत्येक बैठक में किसी एक सदस्य कार्यालय के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए । इसी क्रम में वर्तमान बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) हैदराबाद के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री बी. चंद्रशेखर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया । बैठक के दौरान चर्चा किए गए मुख्य विषयों और लिए गए निर्णयों को सभी की सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परिचालित किया जाता है :-

As you are aware, CDA, Secunderabad is a member of Town Official Language Implementation Committee (Hyderabad-Secunderabad). This office has been brought under Town Official Language Implementation Committee (Off.-3) which is being maintained by CSIR- NGRI, Hyderabad. The second half-yearly meeting of the said committee was held on 14.12.2017 at 1100 hrs at the SB Hall of CSIR- NGRI, Hyderabad and was chaired by Dr. V.M. Tiwari, Director, CSIR- NGRI, Hyderabad. A decision was taken by the Chariman of the TOLIC that Head of a member office may be invited as Chief Guest of every TOLIC meeting. Accordingly, for the present meeting, Regional PF Commissioner of Employees Provident Fund Organisation (EPFO) Shri B. Chandrasekhar was invited as the Chief Guest. The main subjects discussed during the meeting and the decisions taken are being circulated for information and necessary action.

(1) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे धारा 3(3) का अनिवार्य अनुपालन सुनिश्चित करें ।

All the member offices were requested to ensure compliance of Section 3(3) without fail.

(2) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला के आयोजन को सुनिश्चित करें ।

All the member offices were requested to ensure conducting of Hindi Workshop in every quarter.

(3) सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया गया कि वे प्रत्येक तिमाही की प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजना सुनिश्चित करें तथा राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही रिपोर्ट को भेजें ।

All the member offices were requested to ensure forwarding of report in every quarter in time and send the report in the format which is available in the website of Official Language Deptt.

(4) अपने संबोधन में नराकास के अध्यक्ष श्री वी.एम. तिवारी, निदेशक, एन.जी.आर.आई. ने राजभाषा पत्रिकाओं का प्रकाशन, राजभाषा संगोष्ठियों का आयोजन, हिंदी पदों की स्थिति आदि बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए । उन्होंने कहा कि समिति के जिन कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन में अधिक समस्याएँ हैं, उन कार्यालयों में न.रा.का.स. की छमाही बैठकों के आयोजन से उन कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति अनुकूल वातावरण बन सकता है ।

In his address, the Chairman Shri V.M. Tiwari, Director, NGRI gave important suggestions on Publication of Official Language Magazines, Organising Official Language Seminars, position of Hindi posts etc. He said that those member offices who have more problems in implementation of Official Language should host the TOLIC half-yearly meeting so that a positive environment may be created in such offices for implementation of Official Language.

(5) डॉ. (श्रीमती) कौशल्या, प्रभारी, हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद ने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे अपने कार्यालयाध्यक्ष को बैठक में उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने हिंदी प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ/पारंगत प्रशिक्षण के गहन और दीर्घ-कालिक पाठ्यक्रमों में अपने कार्यालय में सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करने का अनुरोध किया ।

Dr. (Smt.) Kaushalya, Incharge, Hindi Teaching Scheme, Hyderabad has requested all member offices to encourage their Head of the office to attend TOLIC meetings. Further, she also requested to nominate officers/staff serving in their offices in the Hindi Prabodh/Praveen/Pragya/Parangat intensive and long-term training courses.

(6) न.रा.का.स. की गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए तीन समितियों का गठन किया गया :

(क) प्रकाशन समिति
(ख) पुरस्कार समिति
(ग) समारोह समिति

सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों को इन समितियों में सदस्य के रूप में चुना गया । प्रत्येक समिति में तीन सदस्य हैं और तीनों समितियों में न.रा.का.स., हैदराबाद (3) के सदस्य सचिव श्री चि.वे. सुब्बा राव भी एक सदस्य हैं । इस संगठन के मुख्य कार्यालय में सेवारत श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् को समारोह समिति के सदस्य के रूप में चुना गया ।

In order to ensure smooth functioning of TOLIC, three committees have been constituted :

(a) Publication Committee

(b) Award Committee

(c) Events Committee

Members of the above committees were selected from the representatives of various member offices. Each committee will consist of three members. Shri Ch.V. Subba Rao, Member Secretary, TOLIC, Hyderabad (3) is a member in all the above three committees. Smt. Devaki Subramaniam serving in Main Office of this organisation has been selected as one of the members of Events Committee.

(7) सभी सदस्य कार्यालयों से अपील की गई कि समिति की गतिविधियों के लिए रु. 2500/- प्रति कार्यालय के दर से वार्षिक अंशदान दिया जाए ।

An appeal was made to all member offices to pay an annual subscription of Rs. 2500/- per office for various activities of the committee.

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सभी निदेशों को अनुपलान हेतु नोट करें और संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करें । You are requested to note the above directions for compliance and co-operate in implementation of the Official Language Policy of the Union.

ग्रूप अधिकारी (प्रशा) ने देख लिया है / GO (AN) has seen.

(एल.पद्मपाणि)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)